बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-35
16/01/2021

मुख्यमंत्री ने जमुई में महावीर वाटिका जैव विविधता उद्यान, माधोपुर का किया परिभ्रमण

पटना, 16 जनवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज जमुई जिला अंतर्गत चकाई प्रखंड के महावीर वाटिका जैव विविधता उद्यान, माधोपुर का परिभ्रमण किया। परिभ्रमण के दौरान डी0एफ0ओ0 श्री सत्यजीत कुमार ने महावीर वाटिका जैव विविधता उद्यान के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। कार्बन फॉरेस्ट, स्थानिक जैव विविधता खंड, नर्सरी, प्रशासनिक भवन, त्रिफला वन, महावीर कुंड सहित इस उद्यान के विभिन्न हिस्सों के परिभ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री को लगाये गये कई तरह के पौधों के बारे में भी जानकारी दी गई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शिलापट्ट का अनावरण कर सुधा पार्लर का उद्घाटन किया। उन्होंने महावीर कुंड में कमल और मखाने का बीजारोपण किया। इसके साथ ही रुद्र वन में रुद्राक्ष का पौधा भी लगाया।

परिभ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि महावीर वाटिका जैव विविधता उद्यान में कई तरह के पौधे लगाये गये हैं। यह काफी सुंदर वाटिका है। लोग यहां आकर इन सब पौधों के बारे में जानेंगे और इस उद्यान में प्राकृतिक छटा का आनंद उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि महावीर कुंड का और विस्तारीकरण करें ताकि इसमें बरसात का पानी अधिक से अधिक संरक्षित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि विस्तारीकरण के बाद महावीर कुंड और बेहतर और सुंदर दिखेगा। इसमें पक्षियों के लिए भी आश्रय की व्यवस्था करें। पर्यटकों के लिए यहां एक कैंटीन की भी व्यवस्था करें। इस उद्यान में सुबह से शाम तक ही लोगों के घूमने की व्यवस्था रखें, रात में परिभ्रमण न हो इसका ख्याल रखें। मुख्यमंत्री ने मियावाकी मॉडल के तहत लगाये गये पौधों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस वाटिका के एक खंड में पंचवटी भी लगायें।

परिभ्रमण के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, विधायक श्री सुमित कुमार सिंह, विधान पार्षद श्री संजय प्रसाद सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, डी0आई0जी0 श्री शफीउल हक, जिलाधिकारी जमुई श्री अवनीश कुमार सिंह, पुलिस अधिक्षक श्री प्रमोद कुमार मंडल सहित अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

******